न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

पीठासीन अधिकारीः– श्री शत्रुघ्न-सिंह गुर्जर (आरएएस)

निर्णय

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण सख्या : 86/2020

बउनवानः–

शन्नो परवीन पुत्री शमशेर खं पत्नि असलम हबीब मुसलमान निवासी सीसवाली तह0 मांगरोल जिला बारां
...वादनी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)
....प्रतिवादी

दावा अन्तर्गत धारा 88, 89, आर0टी0एक्ट0

वकील वादी : श्री दयाकृष्ण धाकड

निर्णय दिनांक : 09.03.2021

दायरा दिनांकः 11.09.2020

प्रस्तुत वाद पत्र का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादनी के शामलाती खाते की आराजी खाता संख्या 586 खसरा नं0 4063 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 4064 रकबा 0.27 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 0.52 है0 व खाता संख्या 587 खसरा नं0 1334 रकबा 0.45 है0, खसरा नं0 3672 रकबा 1.51 है0, खसरा नं0 3674/6068 रकबा 0.12 है0, खसरा नं0 4159 रकबा 4.42 है0, खसरा नं0 5325 रकबा 0.80 है0, खसरा नं0 5333 रकबा ह0.60 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 7.90 है0 वाके ग्राम सीसवाली तहसील मांगरोल में स्थित है। जो जमाबंदी सम्वत 2073–76 में वादनी के नाम राजस्व रेकार्ड में दर्ज है। किन्तु जमाबंदी में सहवन से वादनी का नाम शन्नो परवीन के स्थान पर शकिना बानो दर्ज कर दिया है जबकि वादनी का वास्तविक नाम शन्नो परवीन है। वादनी के अन्य दस्तावेज मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड में भी वादनी का नाम शन्नो परवीन ही दर्ज है। इसलिए वादनी राजस्व रेकार्ड जमाबंदी में अपना नाम शकिना बानो के स्थान पर शन्नो परवीन दर्ज करवाने की अधिकारी है। वादनी का नाम राजस्व रेकार्ड में गलत दर्ज होने से वादनी सरकारी योजनाओ का लाभ प्राप्त नही कर पर रही है। इसलिए वादनी का नाम राजस्व रेकार्ड में दुरूस्त किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। अतः निवेदन है कि आराजी खाता संख्या 586 खसरा नं0 4063 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 4064 रकबा 0.27 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 0.52 है0 व खाता संख्या 587 खसरा नं0 1334 रकबा 0.45 है0, खसरा नं0 3672 रकबा 1.51 है0, खसरा नं0 3674/6068 रकबा 0.12 है0, खसरा नं0 4159 रकबा 4.42 है0, खसरा नं0 5325 रकबा 0.80 है0, खसरा नं0 5333 रकबा ह0.60 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 7.90 है0 वाके ग्राम सीसवाली की राजस्व जमाबंदी में वादनी का नाम शकिना बानो के स्थान पर शन्नो परवीन दर्ज करने के आदेश प्रदान करें।

उक्त आशय का वाद पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 11.09.2020 को दर्ज रजिस्टर किया गया प्रतिवादी तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार भी है को रिपोर्ट हेतु तबल किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) ने अपने पत्र क्रमांक/राजस्व/2020/623 दिनांक 02.12.2020 से जवाब प्रस्तुत किया जिसके अनुसार ग्राम सीसवाली की जमाबंदी 2074 स्थायी के खाता संख्या 586 में शकीना बानो पुत्र शमशेर खां निवासी सीसवाली दर्ज है। ग्राम पंचायत सीसवाली द्वारा प्रमाणित शन्नो परवीन पुत्र शमशेर खां मुसलमान निवासी सीसवाली दर्ज है। ग्राम पंचायत सीसवाली द्वारा प्रमाणित शन्नो परवीन पुत्री शमशेर खां व शकिना बानों पुत्री शमशेर खां एक ही महिला का नाम है। ग्राम वासियों से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक शमशेर खां के चार पुत्र व चार पुत्रियां की पुष्टि की गयी जिसमें से शन्नो परवीन का नाम ना होकर शकिना बानो पुत्री शमशेर खां दर्ज है अर्थात सम्भवतः शन्नो परवीन व शकिना बानो एक ही महिला का नाम हे। शन्नो परवीन सही नाम होने की पुष्टि आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, शपथ पत्र व ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र से होती है। अतः राजस्व रेकार्ड में शकिना बानों के स्थान पर शन्नो परवीन पुत्री शमशेर खां दर्ज करने की अनुशंषा की जाती है।

पत्रावली में संलग्न दस्तावेजो का आद्योपान्त अध्ययन, अवलोकन व मनन किया गया। वकील वादनी की दिनांक 09.03.2021 को एक पक्षीय बहस सुनी गयी। अधिवक्ता वादनी ने अपनी बहस में उन्ही तथ्यों का कथन किया जिनका उनके द्वारा अपने वाद पत्र में अंकन किया गया है। पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात यथा राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि से भी वादनी का नाम शन्नो परवीन पुत्री शमशेंर खां जाहिर होता है। दस्तावेजात के पक्ष में गव्राह स्वयं व अकबर अली पुत्र शमशेंर खां निवासी सीसवाली तहसील मांगरोल जिला बारां के बयान करवाये गयें। चूकि ग्राम सीसवाली की आराजी खाता संख्या 587 खसरा नं0 1334 रकबा 0.45 है0, खसरा नं0 3672 रकबा 1.51 है0, खसरा नं0 3674/6068 रकबा 0.12 है0, खसरा नं0 4159 रकबा 4.42 है0, खसरा नं0 5325 रकबा 0.80 है0, खसरा नं0 5333 रकबा ह0.60 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 7.90 है0 में माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेंर का स्थगन है, अतः तहसीलदार मांगरोल की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजात व दिनांक 09.03.2021 को अधिवक्ता वादनी की सुनी गयी बहस के आधार पर आराजी खाता संख्या 586 खसरा नं0 4063 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 4064 रकबा 0.27 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 0.52 है0 वाके ग्राम सीसवाली की राजस्व जमाबंदी में वादनी का नाम शकिना बानो के स्थान पर शकिना बानो उर्फ शन्नो परवीन पुत्री शमशेर खां दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तदनुसार तहसीलदार मांगरोल को राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैशल शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 09.03.2021 को सरेईजलास मजमेंआम में सुनाया गया।

(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल